

# बिन पानी सब सून विषय पर जल संवाद का आयोजन

## जल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए हमारा उत्तरदायित्व : डीएम, वर्षा जल को सहेजें, पानी का अपव्यय रोकें, प्रकृति के मित्र बने : चतुर्वेदी






**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जल का संरक्षण करना आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा उत्तरदायित्व है। वर्तमान समय में जल संरक्षण की महती आवश्यकता है, शासन स्तर से लगातार प्रयास जारी है। इसे लेकर ही जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण अभियान में जन समुदाय की भागीदारी को ओर अधिक बढ़ाया जाए तथा जल संरक्षण के लिए समुदाय को प्रेरित किया जायें। वे आज निषादराज भवन में बिन पानी सब सून, विषय पर आयोजित जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, पीएचई ईई एलपी सिंह सहित मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के प्रसिद्ध भूगर्भ जल वैज्ञानिक एवं विभावरी संगठन के संस्थापक सुनील चतुर्वेदी उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाये और पानी का अपव्यय रोकने सहित प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जायें। उन्होंने कहा कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन और एतिहासिक महत्व के कुएं, बावडी सहित अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए कार्य संचालित है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर आयोजित जल संवाद के कार्यक्रम से सभी प्रेरणा प्राप्त करते हुए पानी को सहेजने के इस अभियान में अपनी भागीदारी और भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि जिले में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को क्रियान्वित करने के लिए भी कार्य किये जा रहे है।

प्रदेश के प्रसिद्ध भूगर्भ जल वैज्ञानिक एवं विभावरी संगठन के संस्थापक सुनील चतुर्वेदी ने कहा कि पानी की निरंतर कमी होती जा रही है, यह एक वैश्विक समस्या है, पर्यावरण सुधार के साथ ही जल को सहेजकर ही हम जल संरक्षण कर सकते है। उन्होंने कहा कि दैनिक दिनचर्या में हम अनावश्यक रूप से पानी का अपव्यय करते रहते है, हमारी आदतो और व्यवहार को सुधारकर ही हम सैकड़ों-हजारों लीटर पानी को व्यर्थ होने से रोक सकते है। उन्होंने कहा कि तीस साल पहले की अपेक्षा वर्तमान में भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, ऐसा इसलिए है कि हम प्रकृति का दोहन करते हुए जमीन से पानी तो निकाल रहे है, लेकिन जमीन के अंदर पानी भेजने के कोई प्रयास हमारी ओर से नही हो रहे है। उन्होंने कहा कि रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ऐसी पद्धति है, जिससे हम करोडो लीटर पानी को भू-जल के रूप में सहेज सकते है। उन्होंने बताया कि एक हजार स्क्वायर छत पर एक वर्षाकाल में 90 हजार लीटर पानी एकत्रित होकर व्यर्थ बह जाता है। इस पानी को हम रिचार्ज पिट के माध्यम से जमीन में उतार सकते है, इसमें मात्र 5 से 6 हजार रूपये का व्यय आता है। इसी प्रकार जिनके घरो में ट्यूबवैल है, वे अपने छत का पानी डाउन पाइप के माध्यम से बोर में डाल सकते है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्षाकाल के दौरान केवल दो प्रतिशत पानी ही जमीन के अंदर जाता है, बाकि 98 प्रतिशत व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि अपनी आदतों में सुधार कर भी हम पानी बचा सकते है, नलों को खुला न छोडें, वेस्ट आरओ वाटर का उपयोग गमलो आदि में डालने के लिए किया जा सकता है, शेविंग के दौरान नल को चालू न रखे, बोतल में थोडा सा पानी पीकर उसे फेके नही आदि ऐसे व्यवहार है, जिनमें सुधार करके हम पानी का अपव्यय रोक सकते है। उन्होंने आव्हान किया कि भूजल धरती का खजाना है, इसे बचाना हमारा वैज्ञानिक कर्तव्य है।

इस अवसर पर उन्होंने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में रिचार्ज पिट तथा ट्यबवैल में पानी डालने के तकनीकी प्रबंधन और निर्माण के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। उनके द्वारा नो टपक फिल्म का प्रदर्शन करते हुए भी पानी के अपव्यय के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके पूर्व सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद एवं अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा भी जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का संचालन पीएचई विभाग में जिला स्तरीय सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण के लिए संकल्प पत्र भी भरें गये।

उल्लेखनीय है कि देवास के गौरवशाली भूजल वैज्ञानिक सुनील चतुर्वेदी 35 वर्षों से विभावरी संगठन के संस्थापक के रूप में भूगर्भ जल विज्ञान की गहन समझ से देवास, खंडवा, पन्ना, अलीराजपुर, सीहोर और आगर जैसे जिलों में जल क्रांति का सूत्रपात कर चुके है, उनके रूफ्टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग मॉडल ने करोड़ों लीटर भूजल पुनर्भरण को संभव बनाया है। जिससे कुओं का जलस्तर 3-5 मीटर बढ़ा। वर्ष 2023 में देवास जिले में अमृत संचय अभियान के माध्यम से जल जन आंदोलन खड़ा किया और जन सहयोग से 400 से अधिक जल संरचनाएँ बनवाकर उन्होंने 300 करोड़ लीटर वर्षा जल को भूजल में परिवर्तित किया है।



## कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के सतत रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशों के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब द्वारा ढेगदा, कलारना, सलापुरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीडीपीओ श्योपुर शहरी नितिन मित्तल एवं प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र कलारना-ए की कार्यकर्ता श्रीमती रूकमणी आदिवासी, सहायिका श्रीमती बर्फी बाई, कलारना-बी की सहायिका श्रीमती अश्वनी आदिवासी, कलारना-सी की सहायिका श्रीमती नीरू गुर्जर एवं ढेगदा-सी की सहायिका श्रीमती रामदुलारी जाटव अनपुस्थित पाये जाने पर पद से पृथक करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

## जिले में अभी तक 44 हजार 776 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हैं। अभी तक 44 हजार 776 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। श्योपुर जिले में 33 सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है, आज दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक श्योपुर जिले में 44 हजार 776 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है तथा 41 हजार 674 मैट्रिक टन गेहूं का परिवहन गोदाम एवं वेयर हाउस में कर दिया गया है। रेडी टू परिवहन का प्रतिशत 94.75 है तथा 12 हजार 596 स्लॉट की बुकिंग हो चुकी है। श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के लिए किसानों को अभी तक 103 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया है।



## छह एचएलबी में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण

**श्योपुर, 5 मई।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा एवं जिला पंचायत सीईओ तथा जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रथम चरण के तहत किया जा रहा है। जिले में 1379 एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) बनाये गये हैं, जिनमें प्रगणकों द्वारा जनगणना का कार्य किया जा रहा है।

जिला योजना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के 7 प्रगणकों द्वारा 6 एचएलबी में प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया है। जिले की वीरपुर तहसील अंतर्गत एचएलबी सुमरेरा में प्रगणक बृजमोहन, एचएलबी रावतपुरा में कृष्ण दिवाकर एवं तहसील श्योपुर अंतर्गत एचएलबी हासिलपुर में रामशंकर, एचएलबी नसीरपुरा में सौरभ शर्मा एवं राजेंद्र, एचएलबी सेमल्दा में कुलदीप सिंह तथा कराहल की एचएलबी बसई में अशोक कुमार द्वारा सबसे पहले अपने कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। प्रगणकों द्वारा शीघ्रता से और उच्च गुणवत्ता के साथ किए गए इस कार्य की जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई है।



## तालाब गहरीकरण का कार्य जारी

**श्योपुर, 05 मई।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों का गहरीकरण कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम हनुमानखेड़ा ग्राम पंचायत बागल्दा एवं रामपुरा डांग में तालाब में डिसिल्टिंग कार्य कराया जा रहा है। तालाब के गहरीकरण कार्य से वर्षा जल का एकत्रीकरण अधिक मात्रा में हो सकेगा, जिससे ग्रामीणों की निस्तारी आवश्यकताओं की पूर्ति होगी।

# उपचार के लिए पांच हजार मार्ग व्यय की आर्थिक सहायता मंजूर

## हितग्राहियों को मिलेगा संबल योजना का लाभ, जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित






**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक एवं तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह टीएल बैठक के दौरान की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के संबंध सहित पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आवास आदि योजनाओं में पात्रता परीक्षण उपरांत लाभ प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए।

### उपचार के लिए मार्गव्यय हेतु 5 हजार की आर्थिक सहायता

कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान बालक अंशुमन की आंख के उपचार हेतु भोपाल आने जाने के लिए मार्गव्यय के रूप में रेडक्रॉस के माध्यम से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बालक के पिता ग्राम सांकुडली निवासी चंदन सिंह ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से भोपाल के अस्पताल में उपचार चल रहा है तथा भोपाल जाने के लिए मार्गव्यय की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

### हितग्राहियों को मिलेगा संबल योजना का लाभ

कलेक्टर ने ग्राम हसनपुर हवेली निवासी मोहम्मद ईलियास को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। मोहम्मद इलियास द्वारा अपने पुत्र स्व. श्री शादाब की बीमारी से मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

इसी प्रकार ग्राम पराष्ठा निवासी श्रीमती मुन्नी बाई तथा ग्राम सोई निवासी कमलेश को उक्त योजना के तहत प्रस्तुत आवेदन पर परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि योजना के तहत राशि उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से भेजी गई थी, लेकिन हितग्राही का खाता अनपयुक्त होने से राशि का ट्रांसफर फेल हो गया है। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा दोनो आवेदको को अवगत कराया गया कि वे नियमित खाता जो किसी बैंक शाखा में संचालित है, उसकी जानकारी श्रम विभाग को प्रदान करें, जिससे राशि का ट्रांसफर कराया जायेगा।

### पीएम किसान सम्मान निधि में लाभ प्रदान करने के निर्देश

कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान प्रहलाद आर्य श्योपुर, रामदयाल बैरवा भंसुदंर का टपरा, मुख्तयार खा श्योपुर, रामचरण जाटव, श्रीमती फौरंती, श्रीमती कलावती, श्रीमती नटीबाई, शंकरलाल सेन बडौदा, श्रीमती कमली बाई बडौदा आदि के पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार लाभ प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

### सब्जी मंडी क्षेत्र में साफ-सफाई के निर्देश

सब्जी मंडी निवासी सुनील मित्तल द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नगरीय निकाय के अधिकारियों को सब्जी मंडी क्षेत्र की साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जायें और सार्वजनिक स्थानों सहित सब्जी मंडी, बस स्टैण्ड आदि क्षेत्रो में साफ-सफाई की जायें। श्री मित्तल के आवेदन पर उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को उचित निराकरण करने के निर्देश दिये।

## दो ग्रामों में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा एवं जिला पंचायत सीईओ तथा जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रथम चरण के तहत किया जा रहा है। जिले में 1379 एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) बनाये गये है, जिनमें प्रगणकों द्वारा जनगणना का कार्य किया जा रहा है।

चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा के नेतृत्व में श्योपुर तहसील के दो ग्राम नसीरपुरा एवं सेमल्दा की चारों एचएलबी (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक) में प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना सुपरवाईजर शिवकुमार मुदगल के नेतृत्व में उक्त दोनों ग्रामों के लिए बनाये गये 4 जनगणना ब्लॉक अंतर्गत प्रगणकों द्वारा मकानों की सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।







# विश्व रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत क्षय रोगियों को फूड बॉस्केट का वितरण

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस श्योपुर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 8 मई तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह अंतर्गत 5 मई को वनांचल क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल के सभाकक्ष में क्षय रोगियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार किट का वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 20 क्षय रोगियों का एक्स-रे चैकअप कर दवाइयां प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी को फूड बॉस्केट भी भेंट की गई। इस अवसर पर निक्षय मित्र बनाएं गए जो हर माह एक मरीज को पोषण किट प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, रेडक्रॉस के चेयरमैन अमित सूद, तहसीलदार कराहल सुश्री रोशनी शेख, जिला सचिव दिनेशराज दुबोलिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, प्रबंध समिति सदस्य ओम राठौर, महावीर गुप्ता, सदस्यगण गौरीशंकर मीणा, मो. अशरफ ख्वाजा, हरेंद्र सिंह राजावत, नवल राठौर, गुरूविल सिंह, अरविन्द उपाध्याय, कराहल बीएमओ डॉ. सौरभ सिंह कुशवाहा, क्षय प्रभारी डॉ. यतेंद्र रावत, क्षय टीम वीके शर्मा, सुरेन्द्र वैष्णव, नवीन यादव, सक्षम पाठक आदि उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने भी ली जिम्मेदारी

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोग अंतर्गत जिले में चिन्हित रोगियों को सतत् रूप से निशुल्क उपचार प्रदान करने के निर्देश दिये है, साथ ही टीबी रोगियों को पोषण सुविधा प्रदान करने के लिए निक्षय मित्र योजना के तहत समुदाय के सहयोग से फूड बॉस्केट का वितरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्वयं एक क्षय रोगी को अगले एक वर्ष तक फूड बॉस्केट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी ली है। उनकी इस पहल पर जिला प्रशासन के 9 अन्य अधिकारियों द्वारा भी 9 रोगियों को एक वर्ष तक फूड बॉस्केट उपलब्ध कराये जाने का संकल्प लिया है।

## आंगनबाड़ी सहायिका पद से पृथक

**श्योपुर, 05 मई।** प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कराहल श्रीमती सुषमा सोनी ने एसडीएम कराहल के अनुमोदन उपरांत आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती किसमत आदिवासी आंगनबाड़ी केन्द्र गढला-ए को पद से पृथक करने की कार्यवाही की है। जारी आदेश के अनुसार शासकीय कार्य में लापरवाही, आंगनबाड़ी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने तथा इस संबंध में जारी कारण बताओ सूचना पत्रों का जवाब नही देने के चलते यह कार्यवाही की गई है।





## थाना प्रभारी ने तीन अपराधियों को न्यायालय में किया पेश, जेल भेजा

**विजयपुर, 5 मई।** जनगणना कार्य में लगे देवरी ग्राम पंचायत के चौकीदार मातादीन शाक्य पर हुते जानलेवा हमले के 6 आरोपीयों में से तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। आज चिलमानी थाना प्रभारी रघुवंशी व एसआई दिलीप धाकड़ ने सक्रियता दिखाते हुए तीन आरोपीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया । जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया । गिरफ्तार आरोपी 1 गिर्राज पुत्र गिरिजा उम्र 40 वर्ष 2 गोपाल पुत्र सरमन उम्र 35 वर्ष 3 रामनिवास पुत्र बुध्दू उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है शेष 3 की गिरफ्तारी शीध्र अति शीघ्र करने बाबत थाना प्रभारी रघुवंशी ने बताया उक्त सभी आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



## दाना-पानी अभियान : पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

**श्योपुर, 05 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा की पहल पर गर्मियों के दौरान शुरू किये गये दाना-पानी अभियान के तहत विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं तथा सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए सकोंरे लगाने का कार्य जारी है। इसी क्रम में आयुष विभाग द्वारा योग शिविर स्थल श्री हजारेश्वर पार्क में स्थित वृक्षों पर सकोंरे टांके गये। जिला आयुष अधिकारी डॉ. जीपी वर्मा ने बताया कि योग दिवस 21 जून के दृष्टिगत श्री हजारेश्वर पार्क में योगाभ्यास शिविर जारी है। इसी तारतम्य में दाना पानी अभियान अंतर्गत शिविर स्थल पर सकोंरे लगाने का कार्य किया गया और उनमें दाना पानी भरा गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी आयुष चिकित्सालयों में भी सकोंरे लगाये जा रहे है। उक्त अभियान के तहत प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी के नेतृत्व में सीडीपीओ कार्यालय परिसर कराहल में पक्षियों के लिए सकोंरे लगाये गये। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त राकेश गुप्ता ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में सकोंरे लगाये जा रहे है। इसी क्रम में आज सेंसईपुरा स्थित हायर सैकेण्डरी स्कूल परिसर में सकोंरे टांके गये और पक्षियों के लिए दाना पानी रखा गया।

## नेशनल लोक अदालत नौ को, विद्युत प्रकरणों में मिलेगी छूट

**श्योपुर, 05 मई।** बिजली कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व धारा 138 के तहत प्रकरण बनाकर विशेष न्यायालयों (विद्युत अधिनियम) में पंजीबद्ध किये गये हैं, जिनमें धारा 135 के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 05 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार (एच.पी.) तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के प्रकरणों में प्री-लिटीगेशन स्तर पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत तथा आंकलित सिविल दायित्व की राशि व ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी।